बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

सहायक प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु महत्वपूर्ण सूचना

Important Notice for the appointment of Assistant Professors

राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राचार्य (Assistant Professor) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन (विज्ञापन संख्या– 44/2014 से 84/2014 तक) प्रकाशित किए गए थे; जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.11.2014 निर्धारित की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा विभिन्न वादों में पारित न्याय निर्णयों के आलोक में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार दिनांक 05.01.2015 की संध्या 5.00 बजे तक की गयी है।

2. दिनांक 14.09.2014 को उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन में यह अंकित किया गया था कि ''विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोटिवार एवं विषयवार तैयार रोस्टर में, बिहार सरकार की वर्त्तमान में लागू आरक्षण नीति का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाएगा (The current reservation policy of the Government of Bihar will strictly be followed category-wise and subject-wise as per the roster prepared by the University Administration")**.**
3. निःशक्त वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण के संबंध में स्थिति निम्नवत् स्पष्ट की जाती हैः–
   (1) कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार पटना के संकल्प 62 दिनांक 05.11.2007 के प्रावधानों के अनुसार निःशक्त वर्ग के उम्मीदवारों को 3 (तीन) प्रतिशत आरक्षण देय होगा।
   (2) उक्त आरक्षण अलग से देय नहीं होगा, बल्कि चयनित निःशक्त उम्मीदवार जिस आरक्षण कोटि के होंगे उनका सामंजन उसी कोटि के विरूद्ध होगा।
4. उपर्युक्त संकल्प संख्या– 62 दिनांक– 05.11.2007 में निहित प्रावधानों के आलोक में विकलांगता के आधार पर विकलांगों को अधिकतम आयु सीमा में अतिरिक्त 10 वर्षों की छूट अनुमान्य होगी।
5. वि॰सं॰– 44/2014 से वि॰सं॰– 84/2014 के अधीन जो उम्मीदवार आवेदन में निःशक्तता का दावा कर चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। विज्ञापन की अन्य शर्त्तें यथावत रहेगी।
6. उपर्युक्त महत्वपूर्ण सूचना आयोग के बेवासाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उम्मीदवारों के सूचनार्थ उपलब्ध है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।